# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान में किस जिले के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राहोली को प्रतिष्ठित "स्कूल चैलेंज TOFI राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।**

(A) टोंक

(B) भरतपुर

(C) अलवर

(D) इनमें से कोई नहीं

राजस्थान के टोंक जिले में स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राहोली को प्रतिष्ठित "स्कूल चैलेंज TOFI राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

- इस सम्मान को प्राप्त करने वाला यह राज्य का एकमात्र राजकीय विद्यालय है।
- नवोटेल सिटी सेंटर नई दिल्ली में हुए समारोह में पीएमश्री स्कूल राहोली टोंक के प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका, नौडल ऑफिसर पूजा पाटीदार तथा राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर की हाइजीन ऑफिसर दीपा यादव को पुरस्कार प्रदान किया।
- स्कूल को 'नशा मुक्त विद्यालय अभियान', विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने, सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाने, सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और नवाचारपूर्ण गतिविधियों के सफल संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया।

## Yesterday Revision

01. पीएम सूर्य घर योजना में राजस्थान का पांचवा स्थान  है

02. राजस्थान में सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत फिनटेक आधारित डोर-स्टेप बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है।

03. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में, *उदयपुर ने राजस्थान में प्रथम तथा देश में 13वां स्थान हासिल किया।

04. राजस्थान में तैयार हुई देश की पहली 'थ्री-वे हाइब्रिड' बाजरा जिसका आधिकारिक पंजीकरण नंबर 'RHB-273' तय किया गया है।

05. जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC) में 5 से 7 जून तक इंडिया फूड बिजनेस एक्सपो-2026 का आयोजन किया जाएगा।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं हरियालो राजस्थान-2026' का राज्य स्तरीय शुभारंभ 5 जून को करेंगे

(B) जयपुर स्थित विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की जाएगी

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं
(B) केवल A सत्य है
(C) केवल B सत्य है
(D) दोनों असत्य हैं

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने और नागरिकों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं हरियालो राजस्थान-2026’ का राज्य स्तरीय शुभारंभ (शुक्रवार) 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर स्थित विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में प्रात: 10 बजे पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ करेंगे।
- वन विभाग के अनुसार प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2024 में शुरू किए गए ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान को आगे बढ़ाते हुए राज्य में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—


(1) गुजरात में आयोजित चौथी राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में फलोदी के लावण्य पुरोहित ने रजत पदक जीता है

(2) 75 किलोग्राम भार वर्ग में 93 खिलाड़ियों के बीच हुए कड़े मुकाबलों में लावण्य ने यह उपलब्धि हासिल की

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- गांधीनगर (गुजरात) स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी में गुजरात आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित चौथी राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में फलोदी के अशोकाज जिम के खिलाड़ी लावण्य पुरोहित ने स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया।
- 29 मई से 2 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के करीब 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- 75 किलोग्राम भार वर्ग में 93 खिलाड़ियों के बीच हुए कड़े मुकाबलों में लावण्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।
- लावण्य का चयन आगामी अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जिसमें वे 26 अक्टूबर से 7 नवंबर तक दिल्ली में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

03. राजस्थान में खेत बचाओ अभियान की शुरुआत 3 जून 2026 को कहां से की गई थी?

(A) राजसमंद

(B) जोधपुर

(C) भरतपुर

(D) अलवर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान में खेत बचाओ अभियान की शुरुआत:- 3 जून 2026 को की गई है
- स्थान:- ग्राम-बगड़ राजपूत, जिला अलवर
- इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य मिट्टी की सेहत सुधारना और खेती की लागत को कम करना है
- शुभारंभ:- केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने।
- केंद्र सरकार ने 1 जून से 30 जून,2026 तक खेत बचाओ अभियान की शुरुआत की है।
- राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव से की गई थी।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) सरिस्का टाइगर रिजर्व बनेगा विश्वस्तरीय इको-टूरिज्म हब

(2) इस टाइगर रिजर्व में अत्याधुनिक Nature Interpretation Centre (NIC) एवं Convention Centre का निर्माण होगा।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान में सरिस्का टाइगर रिजर्व बनेगा विश्वस्तरीय इको-टूरिज्म हब!
- अलवर स्थित सरिस्का टाइगर रिजर्व में अत्याधुनिक Nature Interpretation Centre (NIC) एवं Convention Centre का निर्माण होगा।
- परियोजना के लिए वन विभाग ने अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (TACO) और Shine Foundation के साथ ₹5 करोड़ का MoU किया है।
- सेंटर में होलोग्राम, इंटरैक्टिव डिजिटल डिस्प्ले, ऑडियो-वीडियो सिस्टम, वन्यजीव गैलरी और रिसर्च सुविधाएं विकसित की जाएंगी।
- इसका उद्देश्य पर्यटन, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण शिक्षा और शोध को बढ़ावा देना है।

**05. उत्तर पश्चिम रेलवे के किस रेलवे स्टेशन पर 4 जून को जोन के पहले वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन किया गया?**

(A) जैसलमेर रेलवे स्टेशन

(B) जोधपुर रेलवे स्टेशन

(C) बाड़मेर रेलवे स्टेशन

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- उत्तर पश्चिम रेलवे के बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर 4 जून को जोन के पहले वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन महाप्रबंधक अमिताभ ने किया।
- वाशिंग लाइन क्षेत्र में स्थापित वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन लगभग 2.57 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस प्लांट के माध्यम से रेलवे लिनन की धुलाई में उपयोग किए गए पानी को शुद्ध कर पुनः धुलाई कार्य में इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।
- यह परियोजना विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान जैसे जल-संकटग्रस्त क्षेत्रों में अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

जयपुर, बुधवार, 03 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-104

1. **हाल** ही में किस मंत्रालय द्वारा जारी 'पैमाना' रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में 2.72 लाख करोड़ रुपये की 81 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं प्रगति पर हैं?
(A) वित्त मंत्रालय
(B) सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
(C) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
(D) नीति आयोग

2. **हाड़ौती** क्षेत्र के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे (बूंदी-कोटा) के निर्माण का लक्ष्य किस वर्ष तक निर्धारित किया गया है?
(A) दिसम्बर 2026
(B) नवम्बर 2027
(C) मार्च 2028
(D) अगस्त 2029

3. **नारी** निकेतन (राज्य महिला सदन) का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(A) केवल ग्रामीण बालिकाओं को निशुल्क उच्च शिक्षा देना
(B) वृद्ध महिलाओं को पेंशन उपलब्ध कराना
(C) सामाजिक रूप से उत्पीड़ित, निराश्रित महिलाओं को सुरक्षा और पुनर्वास प्रदान करना
(D) स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराना

4. **आयुष्मान** भारत डिजिटल मिशन के तहत पंजीकृत नागरिकों को प्रदान की जाने वाली 'आभा' हेल्थ आईडी कितने अंकों की एक विशिष्ट संख्या होती है?
(A) 12 अंक
(B) 14 अंक
(C) 16 अंक
(D) 10 अंक

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत जयपुर जिले की उपज कौन सी है?
(A) आंवला
(B) किन्नू
(C) संतरा
(D) शहद

**Today, Quiz:**

**Q. जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC) में इंडिया फूड बिजनेस एक्सपो-2026 का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 11 से 17 जून तक

(B) 5 से 7 जून तक

(C) 9 से 13 जून तक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine